बेटी बचाओ
बेटी पढ़ाओ

भारतीय रिज़र्व बैंक

RESERVE BANK OF INDIA

---

**आरबीआई / 2025-26 / 24**
**संदर्भ सं. मौनीवि.बीसी. 399/07.01.279/ 2025-26** **9 अप्रैल, 2025**

सभी प्राथमिक व्यापारी,

**प्राथमिक व्यापारियों के लिए स्थायी चलनिधि सुविधा**

आज मौद्रिक नीति वक्तव्य 2025-26 में की गई घोषणा के अनुसार, मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) द्वारा चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) के तहत नीतिगत रिपो दर को तत्काल प्रभाव से 25 आधार अंक घटाकर 6.00 प्रतिशत करने का निर्णय लिया गया है, जो पहले 6.25 प्रतिशत था।

2. तदनुसार, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा प्राथमिक व्यापारियों (पीडीज़) (संपार्श्विकीकृत चलनिधि सहायता) को प्रदान की जाने वाली स्थायी चलनिधि सुविधा तत्काल प्रभाव से संशोधित रिपो दर 6.00 प्रतिशत पर उपलब्ध होगी।

भवदीया,

(अनुपम प्रकाश)
प्रभारी परामर्शदाता